bharti

July 09, 2026

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, C-1 Block G
Bandra Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai - 400051, India
**Symbol:** BHARTIARTL/ AIRTELPP

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai - 400001, India
**Scrip Code:** 532454/ 890157

**Sub: Newspaper advertisement in respect of 31st Annual General Meeting ('AGM') on August 03, 2026**

Dear Sir/ Madam,

We are enclosing herewith the copies of advertisement as published in the newspapers viz. Mint (in English) and Hindustan (in Hindi) today in respect of the 31st AGM of the Company, scheduled to be held on Monday, August 03, 2026, through video conferencing.

Please take the above information on record.

Thanking you,
Sincerely yours,

**For Bharti Airtel Limited**

Bharti Airtel Limited

**Rohit Krishan Puri**
**Company Secretary & Compliance Officer**

***Encl.:*** *As above*

bharti

# Bharti Airtel Limited

airtel

CIN: L74899HR1995PLC095967
Regd. Office: Airtel Center, Plot No. 16, Udyog Vihar, Phase - IV, Gurugram - 122015, India
Corporate Office: Bharti Crescent 1, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj, Phase II, New Delhi - 110070, India
Tel: +91 124 4222222, Fax: +91 124 4248063
Email: compliance.officer@bharti.in, Website: www.airtel.in

## INFORMATION REGARDING 31st ANNUAL GENERAL MEETING OF BHARTI AIRTEL LIMITED

Members are informed that the **31st Annual General Meeting ('AGM')** of **Bharti Airtel Limited** (the 'Company') will be held through video conferencing ('VC') on **Monday, August 3, 2026**, in compliance with applicable provisions of the Companies Act, 2013, read with rules made thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and in accordance with applicable circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs and SEBI, to transact the businesses that shall be set forth in the notice of the AGM ('Notice').

In accordance with the relevant circulars and other applicable laws, the Notice and Integrated Annual Report covering, inter-alia, the Annual Financial Statements for FY 2025-26 ('Annual Report'), will be sent in electronic mode only, to all those members whose email addresses are registered with the Company or Depositories or Depository Participants ('DPs') or Registrar and Share Transfer Agent namely KFin Technologies Limited ('KFin').

The Notice and Annual Report will be available on the website of the Company at **https://www.airtel.in/about-bharti/equity/support-and-communication/shareholders-communication**, on the website of KFin at **https://evoting.kfintech.com/showallevents.aspx** and on the website of National Stock Exchange of India Limited and BSE Limited at **www.nseindia.com** and **www.bseindia.com**, respectively.

The Company will also be sending physical communication to those members whose email addresses are not registered in the records, which shall contain the weblink and a QR code of the Company's website to access the Notice, Annual Report and other relevant documents.

In compliance with the applicable laws, the Company will provide the facility of remote e-voting and e-voting at the AGM to its members in respect of all the businesses to be transacted at the AGM. Further, the Company will also provide VC facility to its members for joining/ participating at the AGM. The detailed instructions in connection with the e-voting facility and procedure for joining the AGM, shall be provided in the Notice.

Members who have not yet registered their email addresses will not be able to receive the Notice and Annual Report. Such members are requested to get their email addresses and mobile numbers registered by following the below guidelines:

(i) **Members holding shares in physical mode:** Pursuant to applicable SEBI circular(s), all holders of physical shares can update/ register their contact details including the details of email addresses by submitting the requisite Form ISR-1 along with supporting documents with KFin.

The physical communication to be sent by the Company to all those members whose email addresses are not registered, shall also contain a copy of Form ISR-1. Further, Form ISR-1 can be downloaded at **https://karisma.kfintech.com/downloads/2Form_ISR-1.pdf** or by scanning the given QR Code. The detailed FAQs in this regard can be accessed at **https://ris.kfintech.com/faq.html**.

(ii) **Members holding shares in dematerialized form:** Members may register/ update their email addresses with their respective DPs.

In case of queries with respect to the aforesaid process, members are requested to write to **einward.ris@kfintech.com** or call at the toll-free number 1800 309 4001.

**Additional information:**

- SEBI, vide its Master Circular dated February 6, 2026, has prescribed common and simplified norms for processing investor service requests by RTA and norms for furnishing PAN, KYC (contact details, bank details and specimen signature) and nomination details. As per the said circular, it is mandatory for the members holding shares in physical form to, inter-alia, furnish PAN, KYC details etc. Members holding shares in physical mode who have not registered the details, would be eligible for lodging grievance or service request only after registering such details. Further, any payments including dividend in respect of all physical folio in which PAN and KYC details (including contact details, bank details and specimen signature etc.) are not updated, shall only be made electronically upon registering the required details. In this regard and to receive the dividend proposed for approval of the members at the 31st AGM through electronic mode, all such members are hereby requested to immediately submit the pending details in duly executed Form ISR-1 to KFin through post or in-person verification mode at KFin's address (i.e. KFin Technologies Limited, Unit: Bharti Airtel Limited, Selenium Tower B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Hyderabad – 500032), or by sending e-signed Form ISR-1 on **einward.ris@kfintech.com** through registered email ID. Members holding shares in dematerialised form are requested to register/ update the details with their respective DPs.
- Pursuant to SEBI Circular dated January 30, 2026, members are hereby informed that another 'Special Window' has been opened from February 05, 2026 to February 04, 2027 to facilitate re-lodgement of physical share transfer requests that were originally lodged before April 1, 2019 but were rejected or returned due to deficiencies. This opportunity allows such requests to be re-submitted with requisite documents by following the due process by members, and upon verification, shares shall be transferred only in dematerialised form. Concerned members are encouraged to utilize this special window provided by SEBI. For more details, please refer to the SEBI Circular and other relevant details available on the Company's website at **https://www.airtel.in/about-bharti/equity/support-and-communication**.

This advertisement is being issued for the benefit of all the members of the Company.

For **Bharti Airtel Limited**
Sd/-
**Rohit Krishan Puri**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Date:** July 08, 2026
**Place:** New Delhi

bharti

# भारती एयरटेल लिमिटेड

CIN: L74899HR1995PLC095967

airtel

पंजीकृत कार्यालयः एयरटेल सेंटर, प्लॉट नंबर 16, उद्योग विहार, फेज - 4, गुरूग्राम - 122015, भारत
कार्पोरेट कार्यालयः भारती क्रीसेन्ट 1, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज, फेस - 2, नई दिल्ली - 110070, भारत
फोन : +91 124 4222222, फैक्सः +91 124 4248063
ई–मेल : compliance.officer@bharti.in, वेबसाइट : www.airtel.in

## भारती एयरटेल लिमिटेड की 31वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में जानकारी

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि **भारती एयरटेल लिमिटेड** ('कंपनी') की **31वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') सोमवार, 3 अगस्त, 2026** को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों, उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ] विनिमय, 2015 के अनुपालन में तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं सेबी द्वारा जारी लागू परिपत्रों के अनुसार होगी, ताकि उन व्यवसायों का निस्तारण किया जा सके जो एजीएम की सूचना ('सूचना') में निर्धारित किए जाएंगे।

प्रासंगिक परिपत्रों तथा अन्य लागू कानूनों के अनुसार, सूचना तथा एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक वित्तीय विवरण शामिल हैं ('वार्षिक रिपोर्ट'), केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी या डिपॉजिटरी या डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ('डीपी') या रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ('केफिन') के पास पंजीकृत हैं।

सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **https://www.airtel.in/about-bharti/equity/support-andcommunication/shareholders-communication**, पर, केफिन की वेबसाइट **https://evoting.kfintech.com/ showallevents.aspx** पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः **www.nseindia.com** और **www.bseindia.com** पर उपलब्ध होगी।

कंपनी उन सदस्यों को भौतिक संचार (पत्राचार) भी भेजेगी जिनके ईमेल पते रिकॉर्ड में पंजीकृत नहीं हैं, जिसमें सूचना, वार्षिक रिपोर्ट तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों तक पहुँचने के लिए कंपनी की वेबसाइट का वेबलिंक और एक क्यूआर कोड शामिल होगा।

लागू कानूनों के अनुपालन में, कंपनी एजीएम में निस्तारित किये जाने वाले सभी व्यवसायों के संबंध में अपने सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, कंपनी अपने सदस्यों को एजीएम में शामिल होने/भाग लेने के लिए वीसी की सुविधा भी प्रदान करेगी। ई–वोटिंग सुविधा के संबंध में विस्तृत निर्देश तथा एजीएम में शामिल होने की प्रक्रिया सूचना में उपलब्ध करायी जाएगी।

जिन सदस्यों ने अभी तक अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं कराए हैं, वे सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं कर सकेंगे। ऐसे सदस्यों से अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करके अपने ईमेल पते और मोबाइल नंबर पंजीकृत करा लें

(i) **भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यगण** : लागू सेबी परिपत्र(त्रों) के अनुसार, भौतिक शेयरों के सभी धारक केफिन के पास सहायक दस्तावेजों के साथ आवश्यक फॉर्म आईएसआर–1 जमा करके ईमेल पतों के विवरण सहित अपने संपर्क विवरण को अद्यतन/पंजीकृत कर सकते हैं।

कंपनी द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजे जाने वाले भौतिक संचार में, जिनके ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं, फॉर्म आईएसआर–1 की एक प्रति भी शामिल होगी। इसके अतिरिक्त, फॉर्म आईएसआर–1 को **https://karisma.kfintech.com/downloads/2Form_ISR-1.pdf** से या दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके डाउनलोड किया जा सकता है। इस संबंध में विस्तृत प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) **https://ris.kfintech.com/faq.html** पर देखे जा सकते हैं।

(ii) **डीमैटरियलाइज्ड (डीमैट अर्थात अभौतिक) रूप में शेयर रखने वाले सदस्यगण** : सदस्यगण अपने संबंधित डीपी के पास अपने ईमेल पते पंजीकृत/अद्यतन कर सकते हैं।

उपरोक्त प्रक्रिया के संबंध में प्रश्नों के विषय में, सदस्यों से अनुरोध है कि वे **einward.ris@kfintech.com** पर लिखें या टोल–फ्री नंबर 1800 309 4001 पर कॉल करें।

**अतिरिक्त सूचनापरक जानकारी** :

- सेबी ने 6 फरवरी, 2026 की अपने मास्टर परिपत्र के माध्यम से, आरटीए द्वारा निवेशक सेवा अनुरोधों को संसाधित करने के लिए सामान्य और सरलीकृत मानदंड तथा पैन, केवाईसी (संपर्क विवरण, बैंक विवरण और नमूना हस्ताक्षर) एवं नामांकन विवरण प्रस्तुत करने के मानदंड निर्धारित किए हैं। उक्त परिपत्र के अनुसार, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए अन्य बातों के साथ–साथ पैन, केवाईसी विवरण, आदि प्रस्तुत करना अनिवार्य है। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य जिन्होंने विवरण पंजीकृत नहीं कराया है, वे ऐसे विवरणों को पंजीकृत करने के बाद ही शिकायत या सेवा अनुरोध दर्ज करने के पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त, उन सभी भौतिक फोलियो के संबंध में लाभांश सहित कोई भी भुगतान, जिनमें पैन और केवाईसी विवरण (संपर्क विवरण, बैंक विवरण और नमूना हस्ताक्षर आदि सहित) अद्यतन नहीं हैं, आवश्यक विवरण पंजीकृत होने पर ही केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा। इस संबंध में और 31वीं एजीएम में सदस्यों की स्वीकृति के लिए प्रस्तावित लाभांश को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त करने के लिए, ऐसे सभी सदस्यों से एतद्द्वारा अनुरोध है कि वे तुरंत पूर्ण रूप से निष्पादित फॉर्म आईएसआर–1 में लंबित विवरण डाक द्वारा या केफिन के पते (अर्थात केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, यूनिट : भारती एयरटेल लिमिटेड, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31–32, गचीबोवली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद – 500032) पर व्यक्तिगत सत्यापन मोड के माध्यम से केफिन के पास जमा करें, या पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से **einward.ris@kfintech.com** पर ई–हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर–1 भेजें। डीमैटरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी के पास विवरण पंजीकृत/अद्यतन करें।
- दिनांक 30 जनवरी, 2026 के सेबी परिपत्र के अनुसार, सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उन भौतिक शेयर हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः प्रस्तुत करने की सुविधा के लिए 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक और 'विशेष विंडो' खोली गई है, जिन्हें मूल रूप से 1 अप्रैल, 2019 से पहले प्रस्तुत किया गया था, किंतु कमियों के कारण अस्वीकार या वापस कर दिए गए थे। यह अवसर सदस्यों द्वारा उचित प्रक्रिया का पालन करके आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऐसे अनुरोधों को पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति देता है, और सत्यापन के बाद, शेयरों को केवल डीमैटरियलाइज्ड रूप में अंतरित किया जाएगा। संबंधित सदस्यों को सेबी द्वारा उपलब्ध करायी गई इस विशेष विंडो का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अधिक विवरणों के लिए, कृपया सेबी परिपत्र और कंपनी की वेबसाइट **https://www.airtel.in/about-bharti/equity/support-and-communication** पर उपलब्ध अन्य प्रासंगिक विवरण देखें।

यह विज्ञापन कंपनी के सभी सदस्यों के लाभ के लिए जारी किया जा रहा है।

**भारती एयरटेल लिमिटेड**
हस्ता./–
**रोहित कृष्ण पुरी**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**

**दिनांक** : 08 जुलाई, 2026
**स्थान** : नई दिल्ली